

# मुस्कानारिष्ट



एक मोटी महिला : मुझे डाक्टर ने कहा है कि शारीरिक व्यायाम दुगना कर दूँ। परंतु शून्य का दुगना तो शून्य ही होगा ना.....?
दूसरी मोटी महिला : मुझे भी डॉक्टर ने यही कहा था। मैं टी.वी. के रिमोट पर चैनल बदलने के लिये एक की जगह दो ऊंगलियों का इस्तेमाल करनी लगी हूँ।

योग सेंटर के टॉल फ्री नम्बर पर आपका स्वागत है। योगा से डॉयबिटीज़ में होने वाले फायदों की जानकारी के लिये अपने बाँयें पैर की छोटी उंगली से फोन पर एक दबायें और बीस मिनट तक दबाये रखें। इस बीच अपनी साँस रोके रखें।

एक बड़े कार्पोरेशन के चेयरमैन की बोर्ड की मीटिंग की शुरुआत ''जो प्रस्ताव में रखने जा रहा हूँ, उससे असहमत सभी लोग कहेंगे– मैं इस्तीफा देता हूँ।''

प्रश्न– पूजास्थल पर प्रार्थना करने वालों और जुआघर में प्रार्थना करने वालों में क्या अंतर है?
उत्तर– जुआघर वाले ज्यादा गंभीर होते हैं।

बहुत सारी महिलाएँ जो अपने फ्लेट्स में आने वाली समस्याओं के लिए एक–दूसरे पर आरोप लगा रहीं थीं, जज के समक्ष प्रस्तुत हुईं। जज ने शुरुआत की– मैं सबसे पहले सबसे ज्यादा उम्र की महिला को सुनूँगा। केस गवाही के अभाव में बंद कर दिया गया।

बच्चा– पापा, पापा मेरे दिमाग में सारी बुद्धि कहाँ से आई?
पापा– निश्चित रूप से तुम्हारी मम्मी से बेटा, क्योंकि मेरी बुद्धि अब भी मेरे ही पास है।

फिलॉसफी का पहला नियम –
हर फिलॉसफर के विरुद्ध एक, बराबर और विपरीत विचारों वाला फिलॉसफर होता है।
फिलॉसफी का दूसरा नियम –
दोनों ही गलत होते हैं।

सनी की टीचर ने डायरी में लिखकर भेजा–
सनी बहुत मेहनती और इंटेलीजेंट लड़का है और इसका भविष्य बहुत अच्छा है। बस, ये लड़कियों के बारे में सोचने में बहुत वक्त बरबाद करता है।
सनी की मम्मी ने लिखा –
यदि आपके पास इस समस्या का कोई हल हो तो तुरंत बताएँ। इसके पापा के साथ भी यही समस्या है।

संकलन–मुक्ता जोशी